# सम्पादकीय

## राहुल पर भाजपा का तीखा तंज़

जैसा कि सर्वविदित है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि राहुल गांधी ने 'एच फाइल्स' के नाम से हरियाणा में वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'एच फाइल्स' किसी एक



नफीस जाफरी

सीट की बात नहीं है, बल्कि राज्यों में वोट चोरी की बड़ी साजिश है। हरियाणा में पहली बार पोस्टल बैलट और असली वोटों का रुझान अलग रहा। पोस्टल बैलट में कांग्रेस को 76 और भाजपा को सिर्फ 17 सीटें मिलतीं। पहले दोनों का रुझान एक जैसा होता था। राहुल ने कहा कि एग्जिट पोल और पोस्टल बैलट में कांग्रेस आगे थी, लेकिन अंत में 22,779 वोटों से हार गई। कुल मिलाकर एक लाख से ज्यादा वोटों का फर्क रहा। हमारे पास इसके सबूत हैं। उन्होंने दावा किया है कि वो जो भी बता रहे हैं वो 100 प्रतिशत सच है।

तो वहीं दूसरी ओर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि 2004 में भी सारे एग्जिट पोल्स भाजपा की जीत का दावा कर रही थी। पर हम चुनाव हार गए, पर हमने तो कोई हल्ला नहीं किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद 10 साल तक यूपीए की सरकार रही, हमने ओपिनियन पोल्स और एग्जिट पोल्स को गाली नहीं दी। जब एग्जिट पोल कांग्रेस के फेवर में गया तो बहुत अच्छा, विरोध हुआ तो मीडिया को गाली देते हैं। किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि हरियाणा में जब चुनाव ही चल रहा था तो कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा ने कहा था कि हरियाणा में कांग्रेस चुनाव नहीं जीत पाएंगे क्योंकि कांग्रेस के नेता ही चुनाव हराना चाहते हैं। हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा था कि राज्य में कांग्रेस में तालमेल ही नहीं है। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि अपनी वजह से हारे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार–बार बोलते हैं कि एटम बम फोड़ने वाले हैं। पर इनका एटम बम फटता क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि राहुल किसी मामले को गंभीरता से लेकर आते ही नहीं है। वहीं भाजपा ने राहुल गांधी के हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्लिप पर कहा कि हमारे सीएम ने एक लाइन में कहा कि हम चुनाव जीतेंगे, हमारी व्यवस्था अच्छी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था अच्छी का मतलब कार्यकर्ता का प्यार, अनुशासन, लोगों के बीच जाना होता है। उन्होंने कहा कि हम 24 घंटे दौड़ते रहे हैं। तीन–तीन महीने हम पैदल चलते हैं। ये हमारा सिस्टम होता है। वोटर लिस्ट तो सबसे पास उपलब्ध होता है, राजनीतिक दल उस सूची को देख सकते हैं। उनके पास क्लेम और ऑब्जेक्शन का मौका होता है, सूची में से नाम हटवाने का भी मौका होता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई नेता हमसे मिले हैं, बहुत दुखी हैं। वो ईवीएम को गाली दे रहे हैं। जबकि रिजिजू ने कहा कि अब राहुल कह रहे हैं कि बिहार में अब ये सब होगा। बिहार के लोग खुश हैं कि वोटर लिस्ट का शुद्धिकरण हो गया है। राहुल गांधी यहां वोट कटने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी की बात तो आरजेडी के नेता भी नहीं बोलते हैं। वोटिंग के समय हर राजनीतिक दल का पोलिंग एजेंट होता है, जो वोटर वोट डालते हैं, पोलिंग एजेंट्स पोलिंग स्टेशन में रहते हैं, वो चेक करते हैं। अब कांग्रेस का वहां पोलिंग एजेंट नहीं है तो वो बता दें कि वो पोलिंग एजेंट नहीं रख पाए। वोटिंग के बाद कोई गड़बड़ी है तो चुनाव आयोग से अपील कर सकते हैं। उसके बाद भी न्याय नहीं मिला तो वो अदालत जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि काउंटिंग में हर पार्टी का काउंटिंग एजेंट्स होते हैं। रिजिजू ने कहा कि मैंने 7 चुनाव लड़े हैं हमारे एजेंट्स रहते हैं कहां गड़बड़ी होती है, अदालत में कभी–कभी हुआ है कि चुनाव को रद्द कराया है। रिजिजू ने कहा कि इनको अदालत नहीं जाना, चुनाव आयोग में अपील नहीं करना है, बस प्रेस कॉन्फ्रेंस करना है। प्रेजेंटेशन दिखाएंगे और भाग जाएंगे। मीडियाकर्मियों का ये समय खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक महिला की तस्वीर को टीशर्ट पर शो कर घूमते रहे फिर उस महिला ने डांटा। नकली नाम और नकली इश्यू को लेकर बोलते हैं। अब बिहार में मतदान है, वे उससे हटकर हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। बिहार में उनका कुछ बचा नहीं है, इसलिए हरियाणा की कहानी सुना रहे हैं। विदेश की महिला की बात करते हैं, पार्लियामेंट चलता रहता है तो ये विदेश घूमते रहते हैं। नेता प्रतिपक्ष को सीरियस मुद्दे पर बात करना चाहिए। वे कह रहे हैं कि हरियाणा के एग्जिट पोल्स और ओपिनियन पोल में कांग्रेस जीत रही थी, लेकिन बाद में हार गई।

## महिलाओं को लेकर समाज और राजनीतिक दलों के सोच में सकारात्मक बदलाव

महिलाओं को लेकर राजनीतिक दलों में पिछले एक दशक से सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। राजनीतिक दलों में सबसे पहले 2006 मप्र के मुख्यमंत्री बने शिवराज सिंह ने लाडली लक्ष्मी, कन्यादान योजना का आयोजन किया। शिवराज सिंह चौहान दर्शन विज्ञान के छात्र रहे हैं।इन योजनाओं के चलते 2008 के मप्र विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 05 साल की सत्ता विरोधी लहर के बाबजूद जीत गई और अप्रत्याशित रूप से सत्ता में बापिस करली । लेकिन तब तक राजनीति दल शिवराज सिंह की इस गहरी चाल को भांप नहीं पाए थे। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने 2013 के मप्र विधानसभा चुनाव में जननी सुरक्षा, संबल योजना, विधवा पेंशन योजनाओं को चला दिया और मोदी लहर के शुरुआत का सहारा लेकर जीत हासिल की तब देश के राजनीतिक दलों ने खोज खबर ली कि मप्र में ये क्या हो रहा है। सभी राजनीतिक विशेषज्ञ इस बात से हैरान थे कि भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार सरकार बनाई थी और वह भी दो तिहाई बहुमत से जीत हुई थी। और उसे 45.2 फीसदी मत मिला था। इधर तमिलनाडु में जयललिता ने अम्मा कैंटीन चला कर 2015 के चुनाव में जीत हासिल की । मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने 2023 के विधानसभा चुनावों में तो भारत वर्ष का सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार ईजाद कर दिया लाडली बहना जिसके तहत प्रत्यक वर्ग, जाति, समुदाय, धर्म की महिलाओं को एक सिस्टम के तहत हर महीने 1250 रुपए सीध ो उसके खाते में डाल कर चुनाव में 162 सीट लाकर कमाल कर दिया और 25 वर्ष तक मप्र में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता तय कर दी। बताया जाता है कि शिवराज सिंह के इस फैसले से उनकी अपनी पार्टी और केंद्र सरकार भी खुश नहीं थी।मगर चुनाव परिणाम आने पर सब हतप्रभ रह गए। भारतीय जनता पार्टी ने 48 फीसदी वोट हासिल किए थे। जबकि चुनाव से पहले भोपाल से दिल्ली तक मप्र में कांग्रेस सरकार आने का हल्ला मचा हुआ था।अब तो महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा,के चुनावों सीधे महिलाओं को 1500 से 2000 रुपए महीने देना शुरू कर दिए और सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी जीत गई । हालांकि नीतीश कुमार ने भी 2020 के चुनाव महिलाओं के लिए काफी घोषणाएं की थी । झारखंड में तो जेएमएम के हेमंत सोरेन ने हरा हुआ चुनाव मैया योजना से जीत लिया क्योंकि उन्होंने जेल से रिहा होकर मुख्यमंत्री बन महिलाओं के खाते में सीधे 7500, रुपए महीने डाल दिए और भारतीय जनता पार्टी को उसके दाव से ही हरा दिया।अब बिहार में तो नीतीश कुमार ने महिलाओं को 1०० रूपये घूस जैसे दिए हैं। बिहार चुनाव में लोग दावा कर रहे हैं कि यही कारण से एनडीए सत्ता में लौट रहा है। हरियाणा में तो भारतीय जनता पार्टी ने तिगड़ी लगा दी। अब महिलाओं के जनधन खाते राजनीतिक हथियार बन चुके हैं और इसमें सत्ता रूढ़ पार्टी सत्ता विरोध

# बिहार चुनावों में किसकी हवा, आखिर क्या कहते हैं जानकार



गुलफिशा खान







बिहार में क्या बदलाव की बयार है या 20 सालों से बेमिसाल नीतीश का जलवा बरकरार रहेगा। बिहार चुनाव में पहले चरण के मतदान के बीच राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज है कि आखिर इस बार टर्निंग प्वाइंट क्या है। बिहार विध ानसभा चुनाव 2025 प्रशांत किशोर की पार्टी के असर को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पर इतना तय माना जा रहा है कि ये दोनों गठबंधनों के वोट बैंक में सेंध डालेगी। इसके साथ ही बिहार में प्रवासी मतदाताओं का मुद्दा भी अहम है। यह मुद्दा तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर ने मुखरता से उठाया है कि क्यों यहां के लोगों को देश के अन्य राज्यों में अपनी आजीविका कमाने के लिए जाना पड़ता है। महिलाओं ने पिछले चुनाव में पुरुषों से आगे बढ़ कर वोट डाले थे। उनका वोट प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा था। इस बार भी ऐसा ही होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

मतलब साफ है कि नारी शक्ति का बिहार के चुनाव पर असर होना तय है। अपनी योजनाओं को लेकर नीतीश कुमार महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके साथ ही यहां के सबसे बड़े मुद्दों में से एक रोजगार भी है और क्या एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए नामों की संख्या से चुनाव के नतीजों पर असर पड़ेगा? तो युवाओं की रोजगार की समस्या से लेकर महिलाओं के वोट और ओबीसी–सवर्णों के वोट समेत कई ऐसे मसले हैं जो इस चुनाव के नतीजे तय करने में बहुत बड़े किरदार निभाएंगे। उधर नीतीश कुमार को एनडीए के मुख्यमंत्री का चेहरा तो माना जा रहा है, पर भाजपा के बड़े नेताओं ने उनका नाम बतौर मुख्यमंत्री घोषित नहीं किया है। साथ ही नीतीश कुमार की तबीयत को लेकर भी यहां एक धारणा बन रही है। उनकी उम्र भी 74 साल से अधिक हो चुकी है। ऐसे में बिहार में कौन हो सकता है संभावित मुख्यमंत्री चेहरा? इन सभी मुद्दों पर क्या कहते है राजनीति के जानकार, इसमें नीतीश कुमार का नेतृत्व, महागठबंधन का चेहरा तेजस्वी के प्रण, मुत के चुनावी वादे, प्रशांत किशोर और प्रवासियों का फैक्टर कितना कारगर रहा है, इस पर चुनावी विश्लेषकों ने अपनी बात रखी। डालते हैं उस पर एक नजर:–

चुनाव विज्ञानी (सेफोलॉजिस्ट) अमिताभ तिवारी कहते हैं, यह नीतीश कुमार का अंतिम चुनाव हो सकता है। बिहार भाजपा में इस समय कोई एक स्पष्ट लीडर नहीं है। 2020 में उनके पास दो उपमुख्यमंत्री थे। जब 2024 में नीतीश कुमार ने घर वापसी की तो उन्हें दो नए चेहरों से बदल दिया गया। वहीं लालू यादव के परिवार में तेजस्वी यादव उनके स्पष्ट राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं। उनकी उम्र केवल 35 साल है. तो यह भी स्पष्ट है कि उनके पास एक लंबी राजनीतिक पारी खेलने के लिए पूरा समय है। वहीं चिराग पासवान भी युवा है। भविष्य में वो अहम किरदार निभा सकते हैं। जिस तरह से अभी बिहार की राजनीति में आरजेडी, भाजपा और जेडीयू तीन महत्वपूर्ण पार्टियां हैं। ठीक उसी तरह यहां राजनीतिक का पहिया हमेशा तीन राजनीतिक दलों के बीच ही घूमता रहा है। अमिताभ तिवारी का कहना है, अगर प्रशांत किशोर इस चुनाव में अगर नहीं जीतते हैं और उसके बाद भी बिहार में रुके रहे तो वो तीसरी पार्टी की जगह ले सकते हैं।

बता दें कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को 37 प्रतिशत, महागठबंधन को 37 प्रतिशत और अन्य दलों को 26 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि गठबंधन में बदलाव होने की वजह से एनडीए के वोट शेयर में पांच फीसद का लाभ हुआ और ये बढ़ कर 42 प्रतिशत हो जाता है। महागठबंधन को भी दो फीसद का फायदा हुआ और उनका वोट शेयर भी 39 प्रतिशत हो जाता है। वहीं गठबंधनों के स्वरूप में बदलाव से अन्य दलों के वोट शेयर में 6 प्रतिशत फीसद की गिरावट देखने को मिलती है। ऐसे में चुनाव विज्ञानी अमिताभ तिवारी का कहना है कि बिहार के चुनाव में इस बार प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज का असर देखने को मिल सकता है। अगर प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 10 फीसद वोट हासिल कर लिए तो बिहार में अन्य दलों के वोट प्रतिशत में बदलाव आ सकता है। अमिताभ तिवारी तीन ऐसी परिस्थितियां बताते हैं जो इस बार के चुनाव नतीजों को प्रभावित कर सकते हैं।

पहली परिस्थिति– अगर प्रशांत किशोर की पार्टी को 10 प्रतिशत वोट मिलता है और ये महागठबंधन और अन्य दलों से उनके पास आता है तो राज्य में एनडीए का वोट प्रतिशत 42 फीसद पर आ जाएगा। वहीं महागठबंधन का वोट 34: हो जाएगा। दूसरी परिस्थिति– अगर प्रशांत किशोर की पार्टी को ये 10 फीसद वोट एनडीए और अन्य दलों से आते हैं। तो एनडीए का वोट प्रतिशत 37 हो जाएगा जो महागठबंधन के 39 फीसद से कम होगा. दोनों ही परिस्थितियों में अन्य दलों के वोट शेयर घटकर 15 फीसद रह जाएंगे। तीसरी परिस्थिति– वहीं अगर प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज एनडीए और महागठबंधन दोनों के वोटों में (2.5:) बराबर सेंध लगाने में कामयाब रही और अन्य दलों से भी 5 प्रतिशत वोट जुटाई तो एनडीए का वोट प्रतिशत 39 और महागठबंधन का 36 पर आ जाएगा।

अमिताभ तिवारी बताते हैं कि बिहार में अन्य दलों को 20 फीसद वोट हासिल होने का इतिहास रहा है। वो कहते हैं, प्रशांत किशोर को अधिकांश वोट थर्ड फ्रंट के दलों से मिलने के आसार हैं। अब थर्ड फ्रंट के वोटर्स के पास प्रशांत किशोर के रूप में एक जाना माना चेहरा है जो एनडीए और महागठबंधन के खिलाफ लड़ रहा है। उन्हें युवाओं से स्पष्ट समर्थन मिलने के आसार हैं। ऐसे में वो युवाओं के 12 से 14 फीसद वोट हासिल कर सकते हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञ अमिताभ बताते हैं, प्रशांत किशोर को सवर्ण वोटर्स से भी समर्थन हासिल हो रहा है। उन्हें उम्मीद होगी कि प्रशांत किशोर राज्य में 35 साल बाद सवर्ण मुख्यमंत्री बनाएंगे। संभव है कि यही वो कारण है कि एनडीए और उनके शीर्ष नेतृत्व (प्रधानमंत्री, गृह मंत्री) ने अब तक यह स्पष्ट रूप से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित नहीं किया है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि भाजपा के एक तिहाई वोटर्स नहीं चाहते हैं कि नीतीश कुमार अगला मुख्यमंत्री बनें

जनसुराज ने सवर्ण और बनिया समुदाय से 92 प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं तो भाजपा में भी यह डर है कि कहीं ऐसा न हो कि जिन वोटर्स ने 2020 में एलजेपी को अपना समर्थन दिया था वो जनसुराज की ओर रुख कर लें। कुल मिलाकर वो इस चुनाव को जीत तो नहीं रहे हैं पर अन्य दलों के समीकरणों को बिगाड़ने का काम करेंगे। ठीक वैसे ही जैसे एलजेपी ने 2020 के चुनावों में किया था। ऐसे 83 सीटें हैं जिन पर जीत का अंतर 5 फीसद या उससे कम था। इनमें से 37 सीटें एनडीए के पास गई थीं तो 38 महागठबंधन ने हासिल किए थे और अन्य दलों ने सात सीटें जीती थीं। अगर इन सीटों पर प्रशांत किशोर की पार्टी को 5 प्रतिशत वोट शेयर मिलते हैं, तो जनसुराज पार्टी इन दोनों गठबंधनों की संभावनाओं को बिगाड़ सकती है। तो इस चुनाव में जनसुराज पार्टी जितना बढ़िया प्रदर्शन करेगी, नतीजे उतने ही करीबी रहेंगे। जबकि प्रशांत किशोर की पार्टी का कमजोर प्रदर्शन किसी एक गठबंधन के पक्ष में एकतरफा नतीजे ला सकता है।

वरिष्ठ पत्रकार कंचन गुप्ता कहते हैं कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महिलाओं का वोट निर्णायक होगा। हालांकि वे यह भी कहते हैं कि इस चुनाव में नई पार्टी का असर उतना नहीं होगा। वो कहते हैं, दिल्ली में नई पार्टी का असर इसलिए हुआ क्योंकि वहां कांग्रेस का पतन हो गया था। पर बिहार में ऐसी स्थिति नहीं है। अगर इसकी तुलना करना भी है तो गुजरात में आम आदमी पार्टी के चुनावी नतीजों से कर सकते हैं जहां पूरी जोर आजमाइश के बावजूद उसे वो सफलता हासिल नहीं हुई जो उसे दिल्ली में मिली। पंजाब में भी आप को सफलता कांग्रेस और अकाली दल के पतन होने की वजह से मिली। वहीं पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वाम दल साथ मिलकर लड़ने के बावजूद 5 फीसद वोट से अधिक हासिल नहीं कर पा रहे हैं। बिहार राजनीतिक रूप से बहुत ठोस और संजीदा राज्य है, वहां किसी नई पार्टी के अचानक उभरने जैसी घटना की उम्मीद फिलहाल नहीं की जा सकती। कंचन गुप्ता यह जोर देकर भी कहते हैं कि प्रशांत किशोर खुद चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, यानी वो इसका खतरा नहीं उठा रहे हैं। चुनाव में अगर आप हार–जीत का जोखिम नहीं मोल लेंगें तो आपके समर्थन में कोई आगे नहीं आएगा।

वरिष्ठ पत्रकार अजीत कुमार झा कहते हैं, नई पार्टियों, अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की दिल्ली में जीत हो, असम गण परिषद के असम में या आंध्र प्रदेश में तेलगुदेशम पार्टी की जीत हो, ये सभी जन–आंदोलन से उभरे नतीजे थे। प्रशांत किशोर उस तरह के जन–आंदोलन के चेहरे नहीं हैं जैसे नीतीश और लालू जेपी आंदोलन से उभरे चेहरे हैं।

संपादक प्रभु चावला कहते हैं कि प्रशांत किशोर के पार्टी की बड़ी जीत इस चुनाव में दूर–दूर तक नहीं दिखती, हां वो उनकी पार्टी के प्रत्याशी कुछ जगहों पर एनडीए और महागठबंधन के वोटों में सेंध जरूर लगा सकते हैं।

प्रदीप गुप्ता बिहार चुनाव पर बताते हैं कि यहां में जाति के आधार पर 80 से 90 प्रतिशत लोग वोट करते हैं। महिलाओं का असर दूसरा सबसे प्रमुख कारक होता है। डाले गए वोटों में 50 फीसद से अधिक महिलाएं होती हैं जो पुरुषों के लगभग 45 फीसद से कहीं अधिक और असरकारी हैं।

सीवोटर के फाउंडर एडिटर यशवंत देशमुख कहते हैं, मैं कंचन गुप्ता के नजरिए से सहमत हूं कि इस चुनाव में महिलाओं का वोट निर्णायक होगा। रोजगार के मुद्दे पर युवा अपना वोट डालेंगे। अगर ये सरकारी नौकरी को लेकर होगा तो तेजस्वी यादव के लिए अहम हो सकता है। मेरा मानना है कि बिहार में इस साल का चुनाव देश की राजनीति के लिहाज से बहुत अहम है और इसके नतीजे अगले 40–50 सालों की दशा–दिशा निर्धारित करेंगे।

# ममदानी की जीत से राष्ट्रपति ट्रंप को लगा बड़ा झटका



फरीद वारसी





भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया। इस चुनाव पर सभी की नजरें थीं, जिसे जीतकर ममदानी अमेरिका के सबसे बड़े शहर के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले पहले दक्षिण एशियाई व्यक्ति और मुस्लिम व्यक्ति बन गए हैं। ममदानी (34) पिछले कई महीने से चुनाव में दूसरे उम्मीदवारों से आगे माने जा रहे थे। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा और राजनीतिक तौर पर प्रभावशाली नेता, न्यूयॉर्क राज्य के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को पराजित किया। कुओमो ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और उन्हें मतदान से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला था। अपनी जीत के बाद ममदानी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की ऐतिहासिक ट्रिस्ट विद डेस्टिनी (नियति से साक्षात्कार) भाषण का उल्लेख करते हुए कहा, इतिहास में कभी–कभी ऐसा क्षण आता है जब हम पुराने से नए की ओर कदम बढ़ाते हैं जब एक युग समाप्त होता है और जब एक लंबे समय से दबाई गई राष्ट्र की आत्मा अपनी अभिव्यक्ति पाती है। जानकार ममदानी के इस भाषण को भारत के साथ उनके जुड़ाव और आने वाले समय में होने वाली नीतियों से जोड़ रहे हैं।

जहां तक ममदानी का सवाल है तो भारतीय मूल के ममदानी प्रसिद्ध फिल्मकार मीरा नायर और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर महमूद ममदानी के पुत्र हैं। उनका जन्म व पालन–पोषण युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ, और सात वर्ष की आयु में वह अपने परिवार के साथ न्यूयॉर्क शहर आ गए थे। ममदानी ने हाल ही में, वर्ष 2018 में अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की थी। ममदानी ने 'ब्रॉन्क्स हाई स्कूल ऑफ साइंस से पढ़ाई की और बॉडविन कॉलेज से अफ्रीकाना स्टडीज में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। वहीं बात अब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके दूसरे कार्यकाल के 9 महीने के भीतर तगड़ा झटका लगा है। अमेरिका के कई राज्यों में हो रहे गवर्नर और मेयर पद के चुनाव में विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी को जीत मिली है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि न्यूयॉर्क के मेयर पद का चुनाव भारतीय मूल के जोहरान ममदानी ने जीत लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी के खिलाफ एड़ी चोटी का जोर लगाया था। उन्होंने ममदानी के जीतने न्यूयॉर्क सिटी का फंड रोकने तक की धमकी दे डाली थी। ट्रंप की अगुवाई में दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी मुस्लिम नेता ममदानी और उनकी वामपंथी झुकाव वाली नीतियों पर जोरदार हमला करती रही है। ट्रंप के सहयोगी एलन मस्क ने भी ममदानी को लेकर चुनाव के ठीक पहले आपत्तिजनक पोस्ट की थी।

वर्जीनिया और न्यूजर्सी के गवर्नर पद का चुनाव भी डेमोक्रेट उम्मीदवारों ने जीत लिया है। वर्जीनिया में पहली डेमोक्रेट उम्मीदवार के तौर पर एबिगियल स्पैनबर्गर ने चुनाव जीता है। 34 साल के डेमोक्रेट सोशलिस्ट ममदानी लगातार ट्रंप के निशाने पर रहे हैं। डेमोक्रेट प्रत्याशी कोरे ए कोनोर ने पिट्सबर्ग मेयर का चुनाव जीता है। उन्होंने रिपब्लिकन प्रत्याशी टोनी मोरेनो को हराया है। वर्जीनिया से डेमोक्रेट गजाला हाशमी ने लेटिनेंट गवर्नर पद का चुनाव जीत लिया है। उन्होंने रिपब्लिकन प्रत्याशी जॉन रीड को हराया. हाशमी पहली भारतीय मूल की अमेरिकी और पहली मुस्लिम हैं, जिन्होंने वर्जीनिया में ये चुनाव जीता है। न्यूयॉर्क मेयर पद पर जोहरान ममदानी समेत तीन भारतीय मूल के प्रत्याशियों को कामयाबी मिली है। डेमोक्रेट प्रत्याशी आफताब पुरेवल ने सिनसिनाती मेयर का चुनाव दूसरी बार जीत लिया है। उन्होने अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस के सौतेले भाई को चुनाव में हराया।

ट्रंप को लगा इस झटके का असर अगले साल अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में देखने को मिल सकता है। डेमोक्रेट पार्टी हाउस ऑफ रिपब्लिक यानी अमेरिकी संसद के निचले सदन में दोबारा बहुमत पाने की कोशिश करेगी। यह ट्रंप के लिए बड़ा झटका हो सकता है। ट्रंप की प्रवासी विरोधी आव्रजन नीतियों, हार्वर्ड जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से फंडिंग को लेकर तकरार बड़ा मुद्दा रहा है। इस कारण ट्रंप की लोकप्रियता रेटिंग भी हाल ही में औंधे मुंह गिरी है। न्यूयॉर्क की आबादी 85 लाख के करीब है। इसमें भारतीय मूल की जनसंख्या भी करीब 8 लाख है, यानी करीब 9–10 फीसदी भारतीय हैं। न्यूयॉर्क की 85 लाख आबादी में करीब 33 लाख प्रवासी हैं और ट्रंप की नीतियों के मुखर विरोधी रहे हैं। दुनिया के सबसे महंगे शहरों में शुमार न्यूयॉर्क में किराया कम करने, सस्ती परिवहन सेवा जैसे वादों से लोकप्रिय ममदानी ट्रंप के पुरजोर विरोध के बावजूद जीते। ममदानी की पत्नी रामा दुवाजी न्यूयॉर्क की पहली लेडी बनेंगी। न्यूयॉर्क में वोटिंग के दिन दोनों फ्रैंक सिंटारा स्कूल में साथ मतदान के लिए पहुंचे थे और वो सुर्खियों में रही हैं। ममदानी के मेयर के चुनाव प्रचार में भी रामा ने अहम भूमिका निभाई है।

28 साल की रामा दुवाजी सीरियाई मूल की अमेरिकी इलस्ट्रेटर और एनीमेटर हैं। उनके इंस्टाग्राम पेज पर उनकी बेहतरीन कला के उदाहरण मिलते हैं। दुवाजी का जन्म टेक्सास के ह्यूस्टन शहर में हुआ था। 9 साल की उम्र में वो दुबई शिट हो गईं। उन्होंने कतर में कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ द आर्ट्स से पढ़ाई की और फिर अमेरिका लौट आईं। उन्होने रिचमंड और न्यूयॉर्क में अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ममदानी के चुनाव प्रचार में लोगो और ब्रांडिंग का काम भी रामा ने संभाला था। दुवाजी ने बीबीसी, द न्यू यॉर्कर और वोग जैसी प्रतिष्ठित मैगजीन के लिए भी काम किया है। उनका ज्यादातर काम डिजिटल मीडिया में रहा है। उनके आर्ट वर्क में कड़ा सियासी मैसेज भी रहता है। गाजा में इजरायल की कार्रवाई और मिडिल ईस्ट में उथल–पुथल भरी तमाम घटनाओं की झलक भी उनकी कला.तियों में मिलती है।

खबरों के मुताबिक, जोहरान ममदानी से उनका कांटैक्ट कई साल पहले डेटिंग ऐप हिंज पर हुआ थी। दिसंबर 2024 में दोनों का दुबई में निकाह हुआ था और फिर न्यूयॉर्क सिटी के क्लर्क ऑफिस में इसी साल शाही तरीके से शादी समारोह भी हुआ। न्यूयॉर्क में द स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स में इलस्ट्रेशन में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स की डिग्री ली है। वाशिंगटन पोस्ट, बीबीसी, एप्पल, स्पॉटीफाई और द न्यूयॉर्क में उनका आर्ट वर्क सराहा गया है। अरब मुल्कों में शांति, गाजा की हालत और फलस्तीन को लेकर भी आवाज वो अपने काम के जरिये उठाती रही हैं। सिरेमिक आर्ट वर्क से भी उन्हें खूब ख्याति मिली. दुवाजी के इंस्टाग्राम पर 92 हजार से ज्यादा फॉलोवर हैं।

# राष्ट्र प्रेम जगाता वंदेमातरम्



बंगाल की धरती से बंकिमचंद्र चटर्जी ने 150 वर्ष पूर्व हमारे देश को वंदेमातरम् नामक एक मंत्र दिया था। इस गीत ने हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया था। वंदेमातरम् एक ऊर्जा है, एक विकसित भारत का स्वप्न है और 140 करोड़ जनता का संकल्प भी। बंकिम चन्द्र ने जिस सुजलाम, सुफलाम, मलयजशीतलाम का स्वप्न देखा था, उसे पूरा करने का।

आज भी जब सामूहिक रूप से वंदेमातरम् का गायन होता है तो तन पुलकित हो जाता है और मन में रोमांच पैदा होता है। इस अमर गीत को 7 नवम्बर 2025 को 150 वर्ष पूरे हो गये हैं। हमारे देश की सरकार ने वंदेमातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ को वर्ष भर स्मरणोत्सव के रूप में मनाने का निश्चय किया है। इस स्मरणोत्सव में हम जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और शस्य श्यामला को कीटाणु नाशक रहित बनाने का ठोस प्रयास करें तो सार्थक रहेगा। बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदेमातरम की रचना 7 नवम्बर 1874 को अक्षय नवमी के दिन की थी। यह गीत भी अक्षय बना। आज भी हम जब मिलकर सस्वर गाते हैं–

वंदे मातरम्, वंदे मातरम्
सुजलाम, सुफलाम, मलयज
शीतलाम
शस्य श्यामलाम् मातरम्
वंदे मातरम्
शुभ ज्योत्सलाम्
पुलकित यामिनीम
फुल्लकुसुमित द्रुमदल
शोभिनीम
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्
सुखदाम, वरदाम, मातरम्
वंदे मातरम् वंदेमातरम्...

तो हमारे देश का एक दिव्य और समृद्ध रूप सामने आता है। यह गीत 1896 में कलकत्ता में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में पहली बार गाया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक साल तक मनाए जाने वाले स्मरणोत्सव की 7 नवम्बर को शुरुआत की। मोदी ने इस अवसर पर दिल्ली में इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इस स्मरणोत्सव में उस कालजयी रचना के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया और राष्ट्रीय गौरव एवं एकता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। वंदे मातरम का सामूहिक गायन एक अवर्णनीय अनुभव है। इतने सारे स्वरों में – एक लय, एक स्वर, एक भाव, एक ही रोमांच और प्रवाह– ऐसी ऊर्जा, ऐसी लहर ने हृदय को झकझोर दिया है। वंदे मातरम के इस सामूहिक गान का अद्भुत अनुभव वाकई अभिव्यक्ति से परे है।

पीएम मोदी ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के शब्दों को भी दोहराया बंकिमचंद्र की आनंदमठ' सिर्फ एक उपन्यास नहीं है, यह स्वाधीन भारत का एक स्वप्न है। 'आनंदमठ' में 'वंदे मातरम' का प्रसंग, उसकी हर पंक्ति, बंकिम बाबू के हर शब्द और हर भाव, सभी के अपने गहरे निहितार्थ थे, और आज भी हैं। इस गीत की रचना गुलामी के कालखंड में हुई, लेकिन इसके शब्द कभी भी गुलामी के साए में कैद नहीं रहे। वे गुलामी की स्मृतियों से सदा आजाद रहे। इसी कारण 'वंदे मातरम' हर दौर में, हर काल में प्रासंगिक है। देखते ही देखते 'वंदे मातरम' भारत के स्वतंत्रता संग्राम का स्वर बन गया। एक ऐसा स्वर, जो हर क्रांतिकारी की जुबान पर था, एक ऐसा स्वर, जो हर भारतीय की भावनाओं को व्यक्त कर रहा था! वंदे मातरम आजादी के परवानों का तराना होने के साथ ही इस बात की भी प्रेरणा देता है कि हमें इस आजादी की रक्षा कैसे करनी है।

मोदी ने कहा, हमने शक्ति और नैतिकता के बीच के संतुलन को बार–बार समझा, और तभी भारत उस परिष्कृत स्वर्ण के रूप में उभरा– एक ऐसा राष्ट्र जिसने अतीत के हर घाव को सहा, फिर भी अपनी दृढ़ता से अमरता प्राप्त की। वंदे मातरम की पहली पंक्ति हैरू "सुजलं सुफलं मलयजशीतलं शस्यश्यामलां मातरम्।" अर्थात– हमारी मातृभूमि को प्रणाम, जो प्रकृति के दिव्य आशीर्वाद से सुशोभित है।

# वंदेमातरम् के 150 वर्ष पूरे, देशभक्तिके रंग में रंगेगी सुहागनगरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में होटल मोनार्क में मीडिया कर्मियों से रूबरू होते हुए विधायक सदर मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में विशेष उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए रहे हैं। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे जैन मंदिर पर राष्ट्रगीत गायन का एक भव्य कार्यक्रम किया गया है। जिसमें, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, युवा, व्यापारी एवं आमजन भाग लेंगे। विधायक मनीष असीजा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि, यह भारत की स्वतंत्रता की भावना और माँ भारती के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रबल करना है। महापौर ने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें और देशभक्ति के इस उत्सव को सफल बनाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से राम नरेश कटारा, अनुपम शर्मा, राधेश्याम यादव, शिवम शर्मा व अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की सुनी वेदना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राज्य महिला आयोग सदस्य रेनू गौड़ ने डबरई स्थित निरीक्षण भवन में पीड़ित महिलाओं की वेदना और पीड़ा को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही, महिलाओं के संवैधानिक व कानूनी अधिकारों के साथ–साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले बिंदुओं पर चर्चा की। राज्य महिला आयोग की सदस्या के समक्ष 11 मामले आए, जिसमें से तीन का त्वरित निस्तारण कराया और शेष का शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया। महिला आयोग सदस्या के समक्ष तलाक, दहेज उत्पीड़न, छेड़खानी और ससुराल पक्ष द्वारा पीड़ित करने के मामले सामने आए, अंत में महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि हमारा प्रयास है कि, हम पारिवारिक विवादों का आपसी समझौते से सुलह कराएं, साथ ही साथ काउंसलिंग कर महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास भी जगाएं। जिससे, महिलाएं अपने मदद के लिए स्वयं खड़ी हो सके और अपने विरुद्ध किए जा रहे, अत्याचार के खिलाफ भी आवाज उठा सकें। जन सुनवाई के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश कुमार सिंह, तहसीलदार कीर्ति चौधरी, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, सखी वन स्टॉप सेंटर प्रभारी शिक्षा सारस्वत, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी निधि सिंह व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# जिला विज्ञान क्लब ने मनाई सर सीवी रमन की जयन्ती




न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब द्वारा भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन की जन्मजयंती के अवसर पर जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने शत शत नमन करते हुए माल्यार्पण किया।

अश्वनी कुमार जैन ने छात्राओं को देश के महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 07 नवम्बर 1888 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में हुआ था। आपके पिताजी चंद्रशेखर अय्यर भौतिकी के प्राध्यापक एवं माताजी पार्वती अम्मल एक सुसंस्त परिवार की महिला थीं। उन्होंने शिक्षार्थी के रूप में कई महत्वपूर्ण कार्य किए। सन 1906 में उनका प्रकाश विवर्तन पर पहला शोध पत्र लंदन की फिलॉसॉफिकेल पत्रिका में आयता.त छिद्र के कारण उत्पन्न असीमित विवर्तन पट्टियाँ शीर्षक पर प्रकाशित हुआ था। सन 1927 में उन्होंने एक्स किरणों के प्रकीर्णन पर अध्ययन किया। जिसके अध्ययन में उन्होंने श्रेष्ठ स्पेक्ट्रम चित्र तैयार करके उन्हें मापकर तथा गणित करके उनकी सैद्धांतिक व्याख्या की गई। उन्होंने प्रमाणित किया कि प्रत्येक स्पेक्ट्रम का अंतर पारद प्रकाश की तरंग लंबाइयों में परिवर्तित होने के कारण पड़ता है। रमन प्रभाव विश्व में भौतिकी के लिए एक अद्वितीय खोज है। इसी रमन प्रभाव की खोज के कारण चन्द्रशेखर वेंकट रमन की याद में भारत में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। रमन प्रभाव के लिए उन्हें सन 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त सन 1929 में उन्हें नाईट बैचलर, सन 1954 में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न एवं सन 1957 में लेनिन शांति पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। 21 नवम्बर 1970 को बैंगलोर में उनका निधन हो गया। इस अवसर पर कु ऐंजल यादव, खुशी यादव, स्वीटी तिवारी, माधुरी, रोहिनी, कल्पना, खुशी, आयुषी, भावना, ज्योति, करिश्मा, संगम प्रियंका, सिमरन आदि उपस्थित रहे।

# परशुरामपुर में पानी की किल्लत पर पहुँचे अधिवक्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। परशुरामपुर गाँव के लोग पिछले 15 दिनों से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गाँव में लगी पाइपलाइन से पानी नहीं आ रहा है, जिससे घर–घर पानी का संकट उत्पन्न हो गया है। स्थिति यह है कि बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग पानी की तलाश में दूर–दूर तक भटकने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। समस्या की जानकारी मिलने पर आज मून फाउंडेशन के संस्थापक एवं अधिवक्ता फैजान अहमद ग्रामीणों के साथ पानी की टंकी और पाइपलाइन स्थल पर पहुँचे। उन्होंने समस्या को समझा और संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों में पानी न मिलने को लेकर भारी गुस्सा और नाराजगी देखने को मिली, लेकिन मौके पर मौजूद अधिवक्ता कुलदीप पांडेय और फैजान अहमद ने लोगों को शांत किया और भरोसा दिलाया कि पानी की आपूर्ति जल्द बहाल की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से शकील, सूरजपाल, इरशाद, पृथ्वी, आबिद, रविंद्र, विनोद, नसीरे सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# अविरल धारा को नमन कर हुआ कार्तिक पूर्णिमा मेले का समापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

ऊंचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के का मां गंगा की अविरल धारा को समापन किया गया। माँ गंगा गोकर्ण समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिलाष चंद्र कौशल थे। उन्होंने लोक भागीरथी की आरती की। गुरुवार की नेता ने कहा कि गंगा को शुद्धि और जल को पवित्र और अमृततुल्य माना आवश्यक माना जाता है। माना जाता जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि महाकाव्य, और लोकगीतों सहित विभिन्न गोकना गंगा तट पर तीन दिवसीय मेले नमन करते हुए औपचारिक रूप से जनकल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री कल्याण की कामना करते हुए मां देर शाम आयोजित कार्यक्रम में भाजपा क्षमा की देवी माना जाता है। इसके जाता है, और इसे सभी संस्कारों में है कि गंगा में स्नान करने से पाप धुल इसलिए मां गंगा को स्वच्छ रखना हम गंगा का उल्लेख वेद, उपनिषद, भारतीय साहित्य में मिलता है। गंगा नदी विभिन्न संस्ःतियों और जातियों के लोगों को एक साथ लाने वाली एक राष्ट्रीय प्रतीक है। इसके तटों पर लगने वाले मेले सांस्ःतिक एकता को दर्शाते हैं। भाजपा नेता ने मां गंगा का विधिवत पूजन किया और आरती करके मेले के औपचारिक समापन की घोषणा की। इस दौरान गंगा तट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी ने पूजा संपन्न कराई। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, पत्रकार मनमाना गुरु, रामू चौरसिया, संतोष गुप्ता, अर्पित द्विवेदी, अमित निषाद, राहुल सोनी, संजय पाठक, गजानन द्विवेदी, गुड्डन यादव, संजय पासी, आशीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गौशाला के समीप गड्ढे में मृत मिले गौवंश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बबेरू ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव में संचालित अस्थाई गौशाला में आज जाकर देखा गया कि गौशाला से लगभग 20 मीटर दूर गड्ढे पर जहां पर गोवंशों को अंतिम संस्कार सम्मान पूर्वक कराया जाता है लेकिन जब वहां पर देखा गया कि गड्ढे पर लगभग 25 गोवंश मृत पड़े हुए हैं जिनकी बॉडी सही सलामत दिख रही है इससे यह प्रतीत होता है कि गोवंशों की मृत्यु 10 से 15 दिनों के अंदर हुई है। यह सब गोवंश भूख के कारण या इलाज के अभाव में मृत्यु हुई है। लगातार क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही है। साथ में खंड विकास अधिकारी कभी भी गौशाला में देखने नहीं जाते हैं। गौशाला में गोवंशों को किस हाल में रखा जा रहा है। विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति आज अपनी टीम के साथ गौशाला में पहुंचे और देखा कि गौशाला के अंदर गोवंशों को सिर्फ सूखा भूसा खिलाया जा रहा है और साथ में सड़ा हुआ भूसा भी खिलाया जा रहा है। बरसात के कारण पूरा भूसा इनका सड़ चुका है वही सड़ा हुआ भूसा खिलाया जा रहा है। आगे महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि लगातार बबेरू ब्लाक के अंतर्गत गौशालाओं की हालत चिंताजनक है लेकिन जिले के जिम्मेदार अधिकारी अभी भी गौशालाओं पर चिंता नहीं कर रहे जिससे गोवंशों की मौत लगातार होती जा रही है इसका जिम्मेदार कौन है आगे महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि जो यह गौशाला संचालित हो रही है यह पूज्य महाराज जी की एक महत्वकांची योजना है लेकिन यहां के जिम्मेदार अधिकारी उनकी इस योजना को लेकर भारी भरकम घोटाला किया जा रहा है गोवंशों पर सिर्फ 50: पैसा ही खर्च किया जा रहा है और बाकी सब धन



का बंदर बांट किया जा रहा है।

# 1108 कुंडीय मृत्यंजय मां पीतांबरा महायज्ञ में सम्पन्न हुए सभी अनुष्ठान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर में रामलीला रोड स्थित हिंदू हॉस्टल ग्राउंड में आरंभ हुए 1108 कुण्डीय मृत्युंजय माँ पीतांबरा महायज्ञ के प्रथम दिवस के सभी अनुष्ठान वैदिक विधि–विधान एवं परंपरा के अनुसार भव्यता और श्रद्धा से संपन्न हुए। प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक आचार्यों द्वारा मंगलाचार और गणपति पूजन के पश्चात् महायज्ञ की प्रथम क्रियाएँ प्रारंभ हुईं। इसके अंतर्गत सैकड़ों ब्रह्मचारियों का उपनयन संस्कार यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक रीति से सम्पन्न कराया गया, जिसमें दर्जनों आचार्यों ने वेद–मंत्रों के उच्चारण के साथ ब्रह्मचर्य संस्कार की दीक्षा प्रदान की। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक परंपरा का पुनर्स्मरण था, बल्कि नवयुवकों में वैदिक संस्कारों के प्रति आस्था जाग्रत करने का एक पवित्र प्रयास भी रहा। महायज्ञ में सहभागी सभी श्रद्धालुओं ने प्रायश्चित कर्म के अंतर्गत आत्मशुद्धि और मनोवृत्ति के परिष्कार हेतु वैदिक विधि से कर्मशुद्धि की तत्पश्चात् दशविधा स्नान सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी यजमानों ने प्रतीकात्मक रूप से दस प्रकार के स्नानों द्वारा तन, मन और आत्मा की पवित्रता का संकल्प लिया। इसके पश्चात् नांदीमुख श्राद्ध का आयोजन हुआ। जिसमें समस्त यजमानों ने अपने पितृदेवों से इस महायज्ञ के आयोजन की अनुमति एवं आशीर्वाद प्राप्त किए। पूरे परिसर में वैदिक ध्वनियाँ, शंखनाद और श्रद्धालुओं के हर्षोल्लास ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। यज्ञशाला में उपस्थित मातृशक्ति, बालक, युवा और वरिष्ठ भक्तों ने अपने– अपने श्रम, समय और सेवा से इस दिव्य आयोजन में सहभागी होकर यज्ञ के भाव– सर्वे भवन्तु सुखिनः को जीवंत कर दिया। पूरे आयोजन की निगरानी एवं मार्गदर्शन पूज्य स्वामी रामदास जी महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। आगामी दिनों में यज्ञ के विभिन्न अध्याय–अग्नि प्रतिष्ठा, हविष्यान्न याग, विशिष्ट अनुष्ठान और महापूर्णाहुति– क्रमशः सम्पन्न किए जाएंगे। यह म

# बलहा में मनाया सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती सप्ताह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बलहा, बहराइच। विकास खंड बलहा के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती सप्ताह समारोह बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष .पाराम वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं सभी की ओर से राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए मिलकर कार्य करने के संकल्प लेते हुए किया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को भावपूर्ण शब्दों में याद किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता, अखंडता और अडिग नेतृत्व



के प्रतीक थे। उन्होंने रियासतों को जोड़कर आज का अखंड भारत बनाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व निस्वार्थ सेवा और राष्ट्रभक्ति से ही संभव है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख बलहा विजय कुमार वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत का सपना देखा था उस सपने को साकार करने के लिए हमें गांव–गांव तक विकास की रोशनी पहुंचानी होगी। उनका जीवन अनुशासन .ढ़ता और कर्मनिष्ठा की मिसाल है। इस अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि राष्ट्रहित सर्वोपरि रहेगा। इस मौके पर भाजपा नेता आलोक जिंदल ने कहा कि आज के युवाओं को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की सेवा में जुटना चाहिए। उन्होंने बिना किसी स्वार्थ के देश को एक सूत्र में बांधा। उनकी सोच आज भी हमारी प्रेरणा है। इस मौके पर प्रमुख ने कहा कि सरदार पटेल ने हमें सिखाया कि जब देशहित की बात हो तो सभी मतभेद भूलकर एकजुट हो जाना चाहिए। आज की राजनीति में भी यदि हम उनके सिद्धांतों को अपनाएं तो समाज और देश दोनों मजबूत होंगे। कार्यक्रम में सचिव मिथिलेश यादव, रविन्द्र यादव शाहिद अली कुमारी दीक्षा, अनुराधा गौड़ अटल बिहारी, सऊद इदरीशी देवव्रत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

# किसान मेले में कृषि इंजीनियरिंग कालेज को मिला प्रथम पुरस्कार



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चंद्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) कानपुर में चल रहे दो दिवसीय किसान मेला का समापन हुआ। मेले में देश एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार से आए किसानों ने लाभ प्राप्त किया। सहायक निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ मनोज कटियार ने बताया कि गेहूं की डीबीडब्लू 303, के 1317, के 1616, के 1006 तथा डीबीडब्लू 187, मसूर की केएलबी 345 ,मटर की केपीएमआर 522, तथा चना की उदय, के डब्लू आर 108 आदि प्रजातियों की अधिक मांग रही है। मेले के समापन अवसर पर .षि इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टाल को प्रथम पुरस्कार कल्याणपुर विधानसभा से विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार ने देकर सम्मानित किया।

विधायक ने विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के साथ मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न उत्पादों को देखा। विधायक श्रीमती कटियार ने अपने संबोधन में कहा कि किसान अब वैज्ञानिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर काम कर रहे हैं। किसान आपस में मिलकर अब फार्मर कंपनियां भी बना रहे हैं। मेले में हर तरह की नई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव ने मुख्य अतीत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।अधिष्ठाता .षि इंजीनियरिंग कॉलेज ने डॉ. के के पटेल और महाविद्यालय से मेले में भाग लेने हेतु नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। डॉ शर्मा ने कहा कि किसान मेला एवं .षि उद्योग प्रदर्शनी से किसानों को काफी लाभ मिलता है।

# आदर्श स्कूल इकदिल में अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने उपस्थित होकर शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए। प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर भी बच्चों को समय दें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, स्रष्टि तिवारी आदि स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक बंधु भी उपस्थित रहे।

# पत्रकार के घर में घुसा कोबरा, वन विभाग ने पकड़ा



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। एक दैनिक अखबार के जिला ब्यूरो चीफ आत्माराम त्रिपाठी के पचोखर गांव के घर में गुरुवार शाम एक भयावह घटना घटी। निज आवास में अचानक एक काला विशालकाय सर्प घुस आया। जिसकी भयानक आ.ति देखते ही पूरा परिवार दहशत में आ गया। घर में अफरा–तफरी मच गई और सदस्यों ने फौरन दरवाजे–खिड़कियां बंद कर लीं। सूचना मिलते ही त्रिपाठी ने अपर पुलिस अधीक्षक को संपर्क किया, जिनके निर्देश पर इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल कर दी गई। पीआरवी 112 में तैनात कांस्टेबल बीर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे और वन विभाग को सूचित किया। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह विषैला कोबरा या रसेल वाइपर हो सकता है, जिससे परिवार को रात भर सतर्क रहना पड़ा। यह घटना ग्रामीण भारत में वन्यजीव–मानव संघर्ष की चुनौती को रेखांकित करती है। जनपद मुख्यालय से पहुंची वन विभाग की टीम के प्रमुख संजय चौरिहा ने बताया कि सर्प दीवार में छिपा हुआ था। करीब 30 मिनट तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने कोबरा को सुरक्षित पकड़ लिया। चौरिहा ने चेतावनी दी, यह सर्प अत्यंत विषैला है, लेकिन यह तभी हमला करता है जब उसे खतरा महसूस हो। काटने पर झाड़–फूंक न अपनाएं, बल्कि तुरंत चिकित्सक के पास पहुंचें। कोबरा पकड़े जाने पर त्रिपाठी परिवार ने अपर पुलिस अधीक्षक, वन विभाग की टीम और पीआरवी 112 के अधिकारियों का धन्यवाद दिया। साथ ही, पत्रकार साथियों राजकुमार पाठक, भगत सिंह एवं इदरीस को भी आभार व्यक्त किया। जिन्होंने सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की।

# मवई बुजुर्ग में आवास विकास परिषद् की योजना से मुक्ति की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। आवास विकास परिषद् द्वारा प्रकाशित सूचना के अन्तर्गत ग्राम–मवई बुजुर्ग, तहसील के गाटा संख्याओं को परिषद की योजना से मुक्त किये जाने की मांग को लेकर पीड़ित ग्रामीणों ने आयुक्त आवास विकास परिषद् और जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे उपरोक्त ग्राम के गाटा संख्या संलग्न के अंश भाग पर या सम्पूर्ण पर अपना रिहायशी मकान बनाकर परिवार सहित जीविकोपार्जन कर रहे हैं या पेट्रोल पम्प, पौधशाला, होटल, ऑटो रिपेयर सेन्टर, बाउण्ड्रीवॉल बनाकर गोदाम, आवासीय भूखण्ड आदि के रूप में हैं। प्रार्थीगण के पास उपरोक्त आवास ध् आवासीय भूमि के अलावा अन्य कोई रिहायसी मकान या आवासीय भूखण्ड नहीं है, परन्तु विभागीय कर्मियों द्वारा आवास विकास परिषद् के जिम्मेदार अधिकारियोंध्कर्मचारियों द्वारा उपरोक्त तथ्यों को छिपाकर शासन के समक्ष तथ्य ध् रिपोर्ट प्रस्तुत किये गये।

# डीएम ने विद्यालयों का किया निरीक्षण, लापरवाही पर की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी जे रीभा ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट तिन्दवारा–2 विकास खण्ड बडोखरखुर्द और उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट–1 बांधापुरवा विकास खण्ड बडोखरखुर्द का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट तिन्दवारा–2 विकास खण्ड बडोखर खुर्द में प्रातः 09.05 बजे विद्यालय बन्द पाया गया और विद्यालय का कोई स्टाफ उपस्थित नहीं मिला, जबकि बच्चे विद्यालय प्रांगण में खड़े मिले। जिलाधिकारी के आने के बाद स्टाफ का विद्यालय पहुंचना प्रारम्भ हुआ और 09.05 बजे से 01 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, 01 ई०सी०सी०एजुकेटर, 01 शिक्षामित्र एवं 01 सहायक अध्यापिका क्रमशः विद्यालय उपस्थित आए और उनके द्वारा विद्यालय का ताला खोला गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को निलम्बित करने, अनुपस्थित स्टाफ का एक दिन का वेतन रोकने और देर से आने वाले स्टाफ का स्पष्टीकरण लेकर कार्यवाही करने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके अलावा, उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट–1 बांधापुरवा विकास खण्ड बडोखरखुर्द के निरीक्षण में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को विलम्ब से आने के लिए स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए। हैण्डवाशिंग यूनिट टूटी हुई पाए जाने पर सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी का स्पष्टीकरण लिए जाने तथा हैण्डवाशिंग यूनिट तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी बडोखरखुर्द को दिए गए।

# छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए बताए यातायात के नियम




न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में यातायात माह नवंबर के अंतर्गत जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम–जनमानस को जागरुक करने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में कालू कुआं चौराहे पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डी.आर. पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। छात्राओं ने अपने अभिनय से यह समझाया कि बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बिना हेलमेट व्यक्ति को हेलमेट गिट करने की परंपरा अपनाई जानी चाहिए, ताकि सुरक्षा का संदेश हर घर तक पहुंचे। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यापकगण, अध्यापिकाएं, यातायात प्रभारी संजय कुमार मिश्रा मय टीम तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# राजा टोडरमल का परिनिर्वाण दिवस आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। राजा टोडरमल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवादल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजस्व के जनक राजा टोडरमल जी का 436 वां परिनिर्वाण दिवस कल (आज) पूर्वान्ह 11 बजे राजा टोडरमल पार्क निकट पुलिस क्लब कलेक्ट्रेट कचेहरी में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में गण मान्य उपस्थित रहेंगे। राजा टोडरमल के जीवन परिचय और उनके द्वारा किए गए संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी देंगें। कार्यक्रम की जानकारी राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष संजय पुरी ने दी हैं।

# प्रतिबंधित पुल से धड़ल्ले से भर रहे फर्राटा बड़े वाहन




न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। विजयीपुर क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर जनपद से बांदा जनपद जोड़ने वाला यमुना सेतु किशनपुर दादों यमुना पुल क्षतिग्रस्त होने की वजह से विभागीय कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग ने बोर्ड लगा पुल से बड़े भारी उप खनिज बालू गिट्टी वाहनों के परिवहन पर सख्त प्रतिबंध लगाया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन क्षतिग्रस्त ब्रिज से हादसे को आंकते हुए स्थानीय पुलिस की पहरेदारी सुरक्षा बैरिकेड भी लगाई गई। विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा सख्त रोक के बाद भी खनन कारोबारी स्थानीय जिम्मेदारों से सेटिंग गेटिंग करके प्रतिबंधित यमुना सेतु से वैकल्पिक मार्ग बना करोड़ों का बालू भंडारणो से भारी वाहनों से उप खनिज बालू की निकासी कर रहे हैं। किशनपुर थाना क्षेत्र के चंद कदम दूरी पर सेटिंग गेटिंग से खनन कारोबारी ने बांदा जनपद से विशेष कार्य बालू उप खनिज फतेहपुर निकासी के लिए क्षतिग्रस्त पुल के बगल से बिना शासनादेश के वैकल्पिक मार्ग बना भारी वाहन सख्त रोक के बाद भी धड़ल्ले से सिस्टम के जरिए भारी प्रतिबंधित वाहन परिवहन करवा रहे हैं। पूर्व में बने वैकल्पिक मार्ग के दा

# अग्नि पीड़ित परिवार से मिली सपा नेत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में पिछले दिनों लगी आग से एक परिवार का लाखो का नुकसान हुआ था। पीड़ित परिवार के खाने पीने की सामग्री भी जल गई थी। सूचना पर शुक्रवार को सपा नेत्री रत्नेश रत्ना ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। सपा नेत्री के पहुंचते ही पीड़ित परिवार फफक कर रो पड़ा। इस दौरान सपा नेत्री ने पीड़ित परिवार को खाने पीने व दिनचर्या में इस्तेमाल होने वाली सामग्री व सहयोग के तौर कुछ रुपए भी दिए। सपा नेत्री के सहयोग के बाद पीड़ित परिवार ने सपा नेत्री का आभार व्यक्त किया।

# वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक कमांडेंट द्वितीय कमान अधिकारी पंकज कुमार ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान 59 वाहिनी के अधिकारी वर्ग उप कमांडेंट अभिनव कश्यप, अमित कुमार, ओम प्रकाश मिश्र, सहायक कमांडेंट आनंद मजूमदार एवं पलाश लूथरा सहित सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं वाहिनी के सभी जवानों ने उत्साहपूर्वक वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत रहा तथा सभी उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय भावना के प्रति अपनी गहरी निष्ठा व्यक्त की। इस आयोजन का उद्देश्य देश की सांस्तिक एकता एवं राष्ट्रीय गौरव को पुनः स्मरण कराना एवं नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार करना था।

# युवा सांकृतिक कार्यक्रम में वंदेमातरम गायन रहा आकर्षण का केन्द्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा महिला पीजी कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय युवा सांस्तिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी की उपस्थिति में वंदेमातरम सामूहिक गायन किया गया। वंदेमातरम गायन के मनमोहक प्रदर्शन ने उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत कर दिया। इस अवसर राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में वंदेमातरम के योगदान पर एक प्रेरणादायक चर्चा सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा जरवल, देवेश शुक्ला चित्तौरा, अजय गुप्ता बलहा, शैलेश मिश्रा मिहींपुरवा, आलोक सिंह, अखिलेश चौधरी व विनम्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# साइबर सुरक्षा व यातायात जागरूकता पर हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिला अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में शहीद स्मारक गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज मोहम्मदाबाद में साइबर सुरक्षा और यातायात जागरूकता पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सुधाकर पाण्डेय उपस्थित रहे। उनके साथ कोतवाल रामसजन नागर, साइबर क्राइम प्रभारी शिवाकांत मिश्रा, यातायात उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, शुभम सिंह, डॉ. आस्था साक्षी (मिशन शक्ति प्रभारी), डॉ. अवनीश कुमार सिंह, डॉ. माधवम सिंह, मोहम्मद रशीद रब्बानी, जिला सचिव अभिषेक कुमार सिंह,वसीम रजा, सुजीत कुमार सिंह, शेरशाह, मुकेश उपाध्याय, विनीत दुबे तथा कमलदेव राय समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने की, जबकि संचालन डॉ. माधवम सिंह द्वारा किया गया।साइबर सुरक्षा सत्र में साइबर प्रभारी शिवाकांत मिश्रा एवं शुभम सिंह ने छात्रों को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं संदिग्ध लिंक या फाइल्स से बचाव के उपाय बताए। वहीं, यातायात उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व पर विस्तार से बताया। क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय ने छात्रों से सीधा संवाद करते हुए साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करनी चाहिए। कोतवाल रामसजन नागर ने भी साइबर जागरूकता को समय की आवश्यकता बताया और छात्रों को जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में जिला सचिव अभिषेक कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर फैल रहे नए साइबर फ्रॉड्स और फर्जी ऐप्स से बचने के तरीके साझा किए। उन्होंने कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अनेक प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया।

# राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विकास भवन में गूंजा वंदे मातरम

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में गुरुवार को भव्य आयोजन हुआ। शासन के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक (सदर) योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, पीडी एसएन चौरसिया और डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सभागार में जब "वंदे मातरम्" का सामूहिक गायन हुआ, तो वातावरण राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर हो उठा। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और कर्तव्यों की अभिव्यक्ति है। आजादी के आंदोलन में इस गीत ने देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् हमारे दिलों में राष्ट्र प्रथम की भावना को जगाता है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक अवसर को मनाना हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के आरंभ में पीडी एसएन चौरसिया ने बताया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित इस गीत ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को ऊर्जा दी। उन्होंने बताया कि वर्षभर जिले में इस अवसर पर विभिन्न देशभक्ति गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाइव उद्बोधन को सभी उपस्थितजनों ने एकाग्रता से सुना और तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रगीत



गाने वाली स्कूली छात्राओं को पुरस्त किया गया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, सीवीओ डॉ दिनेश सचान, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीओ भारत प्रसाद, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहे। स्कूलों में बच्चों ने गाया वंदे मातरम् इधर, जिलेभर के माध्यमिक और परिषदीय विद्यालयों में भी एक साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। बच्चों की स्वर लहरियों से स्कूलों का वातावरण राष्ट्रभक्ति से भर उठा।

# श्रद्धा व निःस्वार्थ भाव से की गई साधना कभी व्यर्थ नही जाती : विकासानंद शास्त्री

## -रामगंज बाजार में चल रही श्रीमद भागवत कथा का हुआ समापन

अयोध्या((संवाददाता))। गोसाईगंज बाजार से सटे रामगंज बाजार में बेलवारी खान गांव के पूर्व प्रधान स्व. महेश कसौधन के पिता राम चंद्र कसौधन के यहां बीते 29 अक्टूबर से चल रहे साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का 6 नवंबर गुरुवार को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। भागवत कथा में मौजूद भागवत प्रेमियों को कथा का रसास्वादन कराते हुए अयोध्या धाम से पधारे पं. विकासानंद शास्त्री ने बताया कि विषम परिस्थितियों में भी भगवान का भजन कभी नहीं छोड़ना चाहिए। श्रद्धा और निःस्वार्थ भाव से की गई साधना कभी व्यर्थ नही जाती है।प्रभु की करुणा भक्त पर जरुर बरसती है,भगवान धन के नहीं भाव के भूखे होते हैं। कथा व्यास ने इस दौरान मौजूद हजारों श्रोताओं को सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष सहित बिबिध कथा प्रसंगों का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन किया।भागवत कथा का संचालन कसौधन समाज के मंडल महामंत्री हेमंत कसौधन व युवा कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष रामेश्वर नाथ कसौधन ने संयुक्त रूप से किया।इस दौरान गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमर नाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि0) की अध्यक्ष श्रीमती आरती जयसवाल द्वारा कथा व्यास पं0 विकासानंद शास्त्री एवं भक्ति भजन सुनाने वाले आयोजक परिवार के विनोद कसौधन एवं उनकी धर्म पत्नी रिंकी को गोसाईगंज नगर पंचायत बोर्ड एवं रामगंज गोसाईगंज बाजार वासियों की तरफ से मोमेंटो भेट कर स्वागत किया गया।इस दौरान कसौधन समाज के नगर अध्यक्ष विजय कसौधन, मंडल महामंत्री हेमंत कसौधन, युवा अध्यक्ष रामेश्वर नाथ कसौधन,आयोजक परिवार के संतोष कसौधन,प्रतोश, गणेश कसौधन,राकेश,धीरज, नीरज,कसौधन समाज के प्रवक्ता प्राइमरी शिक्षक संदीप कसौधन,अमित मेजर, मदन,राम प्रसाद कसौधन, मनीष कसौधन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गवर्निंग बाडी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

## आर्य कन्या डिग्री कश्लेज में शुल्क वसूली की वापसी को लेकर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रयाग महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत ध8,000 की अतिरिक्त शुल्क वसूली, महर्षि दयानंद संस्थान के नाम पर प्रत्येक विद्यार्थी से ध5,000 का डोनेशन तथा उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध गठित गवर्निंग बॉडी एवं उसके अध्यक्ष पंकज जायसवाल के विरोध में प्रदर्शन किया गया। ध्यातव्य हो कि अभाविप द्वारा इस विषय पर गत 30 अक्टूबर को महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें अवैध शुल्क वसूली को वापस लेने की मांग की गई थी।इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं आर्य कन्या डिग्री कॉलेज को छोड़कर अन्य सभी संघटक कॉलेजों में विद्यार्थियों से प्रथम वर्ष में ध5,000 सिक्योरिटी शुल्क सहित कुल ध50,000 फीस ली जाती है, जो द्वितीय वर्ष से ध45,000 हो जाती है। वहीं आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्राओं से ध53,000 पाठ्यक्रम शुल्क तथा ध5,000 महर्षि दयानंद संस्थान को अनिवार्य रूप से डोनेशन के रूप में, कुल ध58,000 वसूले जा रहे हैं। यही शुल्क द्वितीय वर्ष की छात्राओं से भी लिया जा रहा है। साथ ही, महाविद्यालय की गवर्निंग काउंसिल, जिसके अध्यक्ष पंकज जायसवाल हैं, उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करती है। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उक्त गवर्निंग काउंसिल अवैध है और पंकज जायसवाल द्वारा अध्यक्ष पद का अवैधानिक रूप से अधिग्रहण किया गया है। आदेशानुसार पंकज जायसवाल को महाविद्यालय प्रबंधन से तत्काल हटाने एवं किसी भी प्रशासनिक कार्य में हस्तक्षेप से रोका गया था। वर्तमान में वे अवैधानिक रूप से गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयाग महानगर के महानगर मंत्री प्रतीक मिश्रा ने कहा कि आर्य कन्या डिग्री कॉलेज द्वारा की जा रही अवैध शुल्क वसूली एवं अवैधानिक रूप से अध्यक्ष पद पर काबिज पंकज जायसवाल के विरोध में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने पूर्व में ज्ञापन सौंपा था, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि कल तक इस विषय पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो अभाविप कार्यकर्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इस दौरान अभाविप महानगर सह–मंत्री अभिनव पाण्डेय, अमन शुक्ल, राहुल, अंबुज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फर्म, चिट्स के लेखाकार समेत दो कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

प्रयागराज। शिवकुटी थाना क्षेत्र में सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स कार्यालय के लेखाकार समेत दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन की प्रयागराज इकाई ने दोनों को 75,000 लेते गिरफ्तार किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञान भारती मूला देवी एम.एस. जूनियर हाईस्कूल बिंदकी, फतेहपुर के प्रबंधक रतिपाल सिंह ने आरोप लगाया था कि विद्यालय की कमेटी के नवीनीकरण के लिए कार्यालय के लेखाकार राग विराग की ओर से 75,000 की रिश्वत मांगी गई थी। इस शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज ने जांच शुरू की। शिकायत के सत्यापन के बाद गुरुवार 6 नवंबर 2025 को टीम ने जाल बिछाया। दोपहर 1रू19 बजे सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय में राग विराग के कहने पर संविदाकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर विजय राज सिंह ने शिकायतकर्ता से ध75,000 की रिश्वत ली। उसी दौरान ट्रैप टीम ने दोनों को साक्षियों और टीम सदस्यों की मौजूदगी में रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों को याना शिवकुटी कमिश्नरेट प्रयागराज लाकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में रागविराग, पुत्र स्व. गिरजाकांत त्रिपाठी, निवासी निराला निवास, बक्शी खुर्द, थाना दारागंज, प्रयागराज लेखाकार, सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स प्रयागराज एवं विजय राज सिंह, पुत्र बनवारी लाल, निवासी कुवाड़ीह, थाना सरायइनायत, प्रयागराज संविदाकर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। कार्यालय में अचानक हुई इस कार्रवाई से अफसरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। एन्टी करप्शन टीम ने पूरी कार्रवाई वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ अंजाम दी, ताकि रिश्वतखोरी के पुख्ता सबूत अदालत में पेश किए जा सकें। ट्रैप टीम के जांबाज अधिकारीकार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अलाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में हुई। टीम में निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अंजली यादव, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व अन्य शामिल रहे।

# मवई व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों को बाटे प्रमाण पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, जिला महामंत्री विनोद साहू ने मवई व्यापार मण्डल के 218 पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए। मवई के समस्त व्यापारियों को प्रमाण पत्र देते हुए संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि व्यापारियों की सभी समस्याओं का हल कराया जाएगा। जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि जनपद की समस्त तहसीलों व कस्बों में व्यापारियों की कार्यशाला का आयोजन कर व्यापारी बन्धुओ को जागरूक किया जाएगा। मवई व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सोनू अग्रहरि ने कहा कि शीघ्र ही मवई के आस पास ग्रामों में इकाई का गठन करके व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जाएगा। मवई व्यापार मंडल का लक्ष्य 500 से अधिक व्यापारियों को संगठन का सदस्य बनाने का है। प्रमाण पत्र वितरण में जिला महामंत्री विनोद साहू, उपाध्यक्ष रमेश सोनी, मवई व्यापार मण्डल के महामंत्री शत्रुघ्न साहू, पप्पू अग्रहरि, रवि अग्निहोत्री, सत्यम अग्रहरि, विक्रम सिंह, पिंटू अग्रहरि, अवधेश पाल, राजेश चौरसिया, रवि सोनी, योगेश सोनी, गोलू गुप्ता, मनोज मौर्या, अजय अग्रहरि, भरत लाल साहू, कन्हई द्विवेदी, राजेश चौरसिया, विपिन चौधरी उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने माघ मेला की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक

प्रयागराज। मण्डलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को कैम्प कार्यालय में माघ मेला–2026 के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की प्रगति के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखते हुए उसके अनुरूप तैयारियां किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी विभाग का किसी कार्य के लिए कोई टेण्डर शेष रह गया हो, तो उसको शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए कार्य को समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्लूडी, विद्युत, सिंचाई, स्वास्थ्य, जल निगम तथा मेला प्राधिकरण के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। मण्डलायुक्त ने लेटे हनुमानजी मंदिर के आस–पास में प्रकाश की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिया है।

# स्काउट गाइड पदाधिकारियों ने डीएम से की भेंट

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिले में भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में भारत स्काउट गाइड पदाधिकारियो ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से भेंट की। जिला आयुक्त (गा.) एडल्ट रिसोर्स डॉ ज्योति तिवारी, गाइडर संजीता शर्मा ने संस्थाध्यक्ष डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को संस्था का स्कार्फ एवं बैच लगाकर सम्मान किया। स्काउटिंग से सम्बन्धित पत्रक डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, जिला प्रशिक्षण आयुक्त विष्णु दत्त भार्गव ने भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव डॉ केसी मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के गुणों से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले स्काउट्स एंड गाइड्स के स्थापना दिवस की सभी स्काउट्स एंड गाइड्स व जनपदवासियों को हार्दिक बधाई दी। कहा कि इस संगठन के योगदान से युवा पीढ़ी का वर्तमान निरंतर सुढ़ व राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

# सीमांत गावों में सौर ऊर्जा की रोशनी बिखेरने की तैयारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। अब सीमांत और वनांचल के गांवों में भी सौर ऊर्जा की रोशनी बिखरने जा रही है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर टाटा पावर और टाटा कैपिटल की ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया फाउंडेशन की



सीनियर मैनेजमेंट टीम शुक्रवार को लखीमपुर पहुंची। टीम ने डीएम से मुलाकात कर माइक्रो ग्रिड इंस्टॉलेशन के जरिए सोलर ऊर्जा उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेपाल सीमा से सटे वन क्षेत्र के पास स्थित थारू जनजाति बाहुल्य गांव सुरमा और कीरतपुर में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित कर ग्रामीणों को नियमित विद्युत आपूर्ति से जोड़ने की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सीमांत गांवों को उजाले से जोड़ना सिर्फ बिजली की सुविधा देना नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा में लाना है। डीएम ने चौगुर्जी गांव में भी सोलर प्लांट लगाने का सुझाव देते हुए निर्देश दिया कि ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाए जहां अधिकतम ग्रामीणों को लाभ मिल सके। उनके निर्देश पर टाटा पावर–टाटा कैपिटल टीम ने सुरमा और कीरतपुर गांव का स्थलीय निरीक्षण भी किया और प्रोजेक्ट साइट की संभावनाओं का आकलन किया। डीएम की दूर.ष्टि और कॉर्पोरेट साझेदारी के इस प्रयास से जल्द ही सीमांत क्षेत्रों में सौर ऊर्जा क्रांति का नया अध्याय शुरू होने की उम्मीद है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा के निर्देशन में जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज–5.0) के अन्तर्गत थाना जंगीपुर केंन्द्रीय विद्यालय ग्राम बभनौलियॉ मे, थाना मुहम्मदाबाद के शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय तथा समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में पड़ने वाले कस्बो, बाजारों, स्कूल, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस–पास मिशन–शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी महिलाओं एवं बच्चियों के सम्मान व सुरक्षा से संबंधित जारी हेल्प लाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102/108 एंबुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई पोर्टल, साइबर सुरक्षा से संबंधित, 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं ओटीपी, मीडिया लिंक, एस0एम0एस लिंक, वेबसाईट लिंक, एण्ड प्राइवेसी से संबंधित जानकारी दी गई, तथा नए कानून बी0एन0एस0, बी0एन0एस0स0 के बारे में भी जानकारी दी गई। स्थानीय थाने पर मिशन शक्ति केन्द्र आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंफलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाऑं (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

# मसवानी एकता क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर में चल रहे मसवानी एकता क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जीत कर आई अजीब जावेद वारसी व ओमनी क्लब के बीच हुए फाइनल मुकाबले में अकीब जावेद वारसी को मात्र 48 रनों में समेट कर ओमनी ने अपने चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल करते हुए मुकाबले को छह विकेट से जीत कर लगातार दूसरी बार ट्रॉफी में कब्जा कर लिया।जीत के उपरांत खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे फाइनल मैच के मुख्य अतिथि कांग्रेस शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने ओमनी टीम को ट्राफी प्रदान कर जीत की बधाई दी। साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजक चांद बाबू व वासिक अंसारी के साथ संरक्षक मो कैश खान, खुर्शीद अहमद को भी सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके में मौजूद नसीम अंसारी, नजमी कमर, समर कुरैशी पत्रकार दीपक अग्निहोत्री, कलीम उल्ला सिद्दीकी आदि सभी ने खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं दी।

# पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाएगा महिला आयोग- सदस्य

प्रयागराज। सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती गीता विश्वकर्मा जी के द्वारा गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, राजस्व, पुलिस, अवैध कब्जा, साइबर क्राइम सहित कई अन्य शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। महिला जनसुनवाई में कुल 06 प्रकरण सुनवाई के लिए आये, जिन्हें सम्बंधित विभागो को प्रेषित करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तातरण सुनिश्चित करने के लिए कहा है। मा0 सदस्य ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि थानों में आने वाले छोटे प्रकरणों का थाने स्तर पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें ताकि पीड़ित महिलाओं को कोर्ट के चक्कर न लगाना पड़े।सदस्या ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती ह



# पुलिस बल पर जबरन दबिश देकर प्रताड़ित किए जाने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के न्यू बस्ती रेड़इया आबूनगर की रहने वाली एक महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए शिकायती पत्र में कोतवाली पुलिस पर जबरन घर में दबिश देकर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। सीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में पदमा सिंह चौहान पत्नी पप्पू सिंह चौहान ने बताया कि वह व उसके पड़ोस की एक दर्जन महिलाएं शांतिपूर्ण ढंग से देव दीपावली पर्व पर घर के बाहर एकत्र होकर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पांच नवंबर को सायंकाल पूजा–अर्चना कर रही थी। तभी दूसरे समुदाय ने पुलिस को गलत सूचना दिया। जिस पर कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय पुलिस बल के साथ आए और अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर धमकी देने लगे। कोतवाल ने रात्रि में उसके साथ ही बीस अज्ञात महिलाओं के विरूद्ध कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर दी और रात्रि में ही उसके घर दबिश दी। गाली–गलौज करते हुए जबरन घर में घुसने का प्रयास किया। जिन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है उसमें सात साल से कम की सजा का प्रावधान है, इसके बावजूद कोतवाली प्रभारी ने घर में दबिश देकर मानसिक व सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया। इस घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी उसके पास मौजूद है। उन्होने सीएम से मांग किया कि कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय समेत अन्य पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

# अग्नि पीड़ित परिवार से मिली सपा नेत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विजयीपुर ब्लाक क्षेत्र के मड़ौली गांव में पिछले दिनों लगी आग से एक परिवार का लाखों का नुकसान हुआ था। पीड़ित परिवार के खाने पीने की सामग्री भी जल गई थी। शुक्रवार को युवा सपा नेत्री रत्नेश रत्ना ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उनके पहुंचते ही पीड़ित परिवार रो पड़ा। इस दौरान सपा नेत्री ने पीड़ित परिवार को खाने पीने व गृहस्थी में इस्तेमाल होने वाली सामग्री व सहयोग के तौर रुपए भी दिए। इस सहयोग के बाद पीड़ित परिवार ने सपा नेत्री का आभार जताया। इस मौके डॉक्टर अफसर अली, सहित मौजूद रहे।

# भिटौरा में माटी से माटी कार्यक्रम कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपदीय गौरवशाली व्यक्तित्व अलंकरण समारोह (माटी से माटी कार्यक्रम) नौ नवंबर को उत्तर वाहिनी गंगातट ओमघाट भिटौरा में आयोजित होगा। इस समारोह के संयोजक पूर्व डीजीपी प्रदीप श्रीवास्तव व प्रेरक स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती हैं। इस आयोजन में जनपद अन्तर्वेद की धरती पर जन्मी और देश दुनिया में नाम रोशन करने वाली विभूतियों को सम्मानित कर अभिनंदन किया जायेगा। यह जानकारी आयोजक मण्डल के सदस्य सुधाकर अवस्थी एडवोकेट ने दी है।

# अनियंत्रित बाइक गिरने से एक की मौत, दूसरा घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सरांय के समीप गुरूवार की शाम अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए हथगाम सीएचसी ले जाया गया। जहां एक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कौशांबी जनपद के थाना कड़ाधाम गांव लेहदरी गांव निवासी मक्खन लाल का 30 वर्षीय पुत्र बृजेश कुमार अपने साथी राजू पुत्र बड़कू लाल 30 के साथ बाइक से ननिहाल से वापस लौट रहे थे। जैसे ही यह लोग सरांय के समीप पहुंचे अनियंत्रित होकर गिर गयी। जिससे बृजेश व राजू गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने बृजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजू का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

# संदिग्ध अवस्था में युवक की हालत बिगड़ी, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के परसदेपुर में संदिग्ध परिस्थितियों 30 वर्षीय युवक की हालत बिगड गयी। जिसे उपचार के लिए कानपुर प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार परसदेपुर गांव निवासी .ष्णकान्त तिवारी का पुत्र अखिलेश उर्फ सोनू की अचानक तबियत बिगड़ गयी। जिस पर परिजन उसे लेकर कानपुर प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। जिस पर परिजन शव को लेकर वापस गांव आ गये और पुलिस को सूचना दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता कृष्णकान्त तिवारी ने बताया कि उसका बेटा उसके साथ नहीं रहता था। दो सालों से अलग था और किसी लड़की से उसने शादी कर लिया था कभी कदार घर आता था। मृतक के पिता ने बताया कि कल बहू ही बेटे को साथ लेकर आयी। उस वक्त अखिलेश के मुह से झाक निकल रहा था। जिस पर उसे उपचार के लिए कानपुर प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां इलाज दौरान पुत्र की मौत हो गयी। पिता के अनुसार मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिर्पोट के बाद ही मृत्यु का कारण सामने आयेगा। युवक की मौत जहर खाने से यह आकस्मिक मौत है।–

# बाल विकास परियोजना अधिकारी खजुहा के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बाल विकास परियोजना अधिकारी खजुहा द्वारा दलाल आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ मिलकर पोषण ट्रैकर की धनराशि में धांधली किए जाने का आरोप लगाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। केन्द्र अकिलाबाद खजुहा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री कुसुमा देवी अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेहाना परवीन, कमलेश, निर्मला देवी, सीमा देवी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बताया कि विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर एप के अंतर्गत प्रतिमाह कार्य करने की प्रोत्साहन राशि के रूप में रूपया खर्च में भेजने का कार्य बाल विकास परियोजना अधिकारी खजुहा के उक्त परिपालन न करते हुए बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सेटिंग करके उनके खातों में इस बाबत का पैसा हस्तान्तरित कर देती हैं कि इस भेजी गई धनराशि का 1/2 हिस्सा हम लेंगे और एक हिस्सा आंगनबाड़ी कार्यकत्री को पैसा निकाल कर हमें दे जाना। बाल विकास परियोजना विभाग खजुहा द्वारा इस कार्य हेतु कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अपने दलाल के रूप में पाले हुए हैं। मांग किया कि अपने स्तर से विभाग के अधिकारियों को छोड़कर किसी अन्य विभाग के अधिकारियों को जांच सौंपकर प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी बाल विकास परियोजना अधिकारी व संबंधित दलाल के रूप में लगाई गई आंगनबाड़ी कार्यकत्री के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# हॉकी प्रतियोगिता में एसवीएम विजेता व सेंट जेवियर्स रही उपविजेता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शान्तीनगर जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का तत्वावधान में किया गया। प्रतियोगिता विद्या मन्दिर एवं सेंट जेवियर्स हाईस्कूल जेवियर्स की टीम ने तीन गोल किए। व सेंट जेवियर्स की उपविजेता घोषित जिला महामंत्री पूनम श्रीवास्तव, अधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया। प्रतियोगिता का सचिव लखन सिंह ने खिलाड़ियों से वितरण कार्यक्रम पूनम श्रीवास्तव, निर्णायक मंडल के रूप में कार्यक्रम



स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुभारम्भ स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं जिला हॉकी एसोसिएशन के संयुक्त में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला सरस्वती के मध्य खेला गया। जिसमें एसवीएम की टीम ने चार गोल व सेंट अत्यंत रोमांचक मुकाबले में सरस्वती विद्या मन्दिर की टीम विजेता हुई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की ावक्ता शाश्वत गर्ग, हनुमान दल के जिला उपाध्यक्ष आदित्य चौहान क्रीड़ाधिकारी एवं हॉकी सचिव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर व बालिकाओं ने उद्घाटन क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार भारती एवं जिला हॉकी संघ के परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार शाश्वत गर्ग एवं आदित्य चौहान ने संपन्न कराया। प्रतियोगिता में संयोजक प्रिस मौर्या, वरिश्ठ हॉकी खिलाड़ी अमीत गुप्ता, विजय कुमार, हॉकी प्रशिक्षक सेंट जेवियर्स आदित्यान्स, आयुष गुप्ता हॉकी प्रशिक्षक आरएस एक्सल स्कूल सूरज भान ने उत्.ष्ट सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता क्रीड़ा अधिकारी एवं जिला हॉकी संघ के सचिव लखन सिंह की देख–रेख में सम्पन्न हुई। जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहयोगी के रूप में कोच राजकुमार यादव, मो० आरिफ खान, जितेन्द्र यादव, मोहित यादव, हैण्डबाल कोच, अरुण शर्मा, मनीष कुमार एवं समस्त स्टेडियम स्टाफ का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# रोजगार मेले में 67 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि कार्यालय परिसर में षुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 139 प्रतिभागी अभ्यर्थियों की कैरियर काउंसलिंग की गयी। शिविर में प्रतिभागी कंपनी एसआईएस इंडिया लिमिटेड ने 21, क्वेसकॉर्प ने 15, प्राइम कनेक्ट सर्विसेज फतेहपुर ने 16, ब्लिकिंट ने पांच एवं एलीमेन्ट्स कन्सल्टेन्ट प्रा.लि. ने दस कुल 67 योग्य अभ्यर्थियों की 7000 से 16000 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की।

# अपना दल एस ने बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपना दल एस की बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही असमय बारिश के कारण बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा किसानों को दिए जाने की आवाज उठाई। इसके अलावा संगठन का विस्तार कर पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव गोवर्धन पटेल ने शिरकत की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि असमय बारिश होने के कारण जिले के तमाम किसानों की फसल नष्ट हो गई। जिसका अवलोकन कराकर तत्काल सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाए। यदि ऐसा न किया गया तो पार्टी वृहद आंदोलन के लिए विवश हो जाएगी। बैठक में सक्रिय सदस्यता पर भी चर्चा की गई। पंचायत चुनाव को लेकर भी पदाधिकारियों ने रणनीति बनाई। जोन अध्यक्ष व जोन प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपनी–अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया। जिनका निराकरण कराने का प्रयास किया। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए जिला उपाध्यक्ष पद पर पदम पटेल, गौरवदत्त तिवारी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, रैना प्रजापति जोन अध्यक्ष तेलियानी महिला मोर्चा, शिवसरन निषाद जिला सचिव शिक्षक मंच, डा0 लाल सिंह पटेल खागा विधानसभा महासचिव बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अजय सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह, विजय पाल सिंह, अरूण पटेल, राकेश कुमार सिंह, कान्ती कुशवाहा, सोनी श्रीवास्तव, सोनम देवी, राजकुमार उमराव, पदम सिंह पटेल, शिवशरण निषाद, गौरीशंकर, प्रदीप सिंह पटेल भी मौजूद रहे।

# राजकीय कृषि बीज गोदाम में हुआ गेहूं बीज का वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विकास खंड ऐरांया के राजकीय .षि बीज गोदाम में शुक्रवार को पंजी.त किसानों को गेहूं का बीज वितरण किया गया। इस दौरान बीज वितरण कार्य पुलिस की मौजूदगी में शांति व व्यवस्था के साथ संपन्न हुआ। किसानों ने निर्धारित क्रम से फिंगर लगवाकर अपना बीज प्राप्त किया।

.षि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बीज वितरण का कार्य पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है, ताकि हर पात्र किसान को समय से गुणवत्तापूर्ण बीज मिल सके। किसानों में सरकार की इस पहल को लेकर उत्साह देखा गया। किसानों ने कहा कि समय से बीज मिलने से अब वे खेतों में बुवाई का कार्य समय पर कर पाएंगे। वहीं पुलिस बल की मौजूदगी से व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति नहीं बनी। शुक्रवार को हुए इस वितरण में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया और शांति पूर्वक अपनी बारी आने पर बीज प्राप्त किया। .षि विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में अन्य ब्लॉकों में भी इसी तरह से पंजी.त किसानों को बीज वितरण किया जाएगा।इस मौके पर .षि बीज प्रभारी विक्रम सिंह, हरिशंद्र सिंह, अमरीश भदौरिया मौजूद रहे।

# शहर में जल्द चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

## - नगर पालिका प्रशासन व व्यापारियों की बैठक में निर्णय

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गांधी सभागार में एडीएम (प्रशासन) के नेतृत्व में शहर और बढ़ते अतिक्रमण पर नियंत्रण हेतु गई। बैठक में नगर के समस्त व्यापार

बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर को एरिया वाइज चिन्हित कर तिथि दिनों में व्यवस्थित रूप से अतिक्रमण दौरान अतिक्रमण प्रभारी दिलशाद ने अतिक्रमण किया गया है, उसे तत्काल प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया (अनाउंसमेंट) कर दी जाएगी। जिससे



शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन व की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। की मुख्य सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण निर्धारित करना था। ताकि आने वाले हटाने की कार्यवाही की जा सके। इस बताया कि न्यायालय के सामने जो भी प्रभाव से हटाया जाएगा। नगर पालिका कि संबंधित क्षेत्र में दो दिन पूर्व मुनादी दुकानदारों को पूर्व सूचना मिल सके। साथ ही अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी दुकानदार स्वयं अपने स्तर से अतिक्रमण हटा लें अन्यथा पालिका टीम द्वारा उसे हटाया जाएगा और उसका समस्त खर्च संबंधित व्यापारी से वसूला जाएगा। बैठक में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आष्वासन दिया। इस मौके पर आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, जिलाध्यक्ष अभिनव यादव, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, जिला उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित सोनी, उपाध्यक्ष रिंकू सरदार, उपाध्यक्ष फौजी सहित जिले के अन्य समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सोलर पंप मैकेनिक के प्रशिक्षण हेतु 14 तक करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप निदेशक .षि ने बताया कि निदेशक ने अवगत कराया कि राज्य .षि प्रबन्ध संस्थान रहमानखेडा के अधीन राज्य स्तरीय फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान पर राज्य .षि विकास योजना रतार के अन्तर्गत संचालित सोलर पम्प की स्थापना व अनुरक्षण हेतु तकनीकी प्रशिक्षण योजना वर्ष–2025–26 के अन्तर्गत सोलर पम्प मैकेनिको का प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियो को सोलर गाड्यूल सरफेस पम्प, सबमर्सिबल पम्प (एसीडीसी) का तकनीकी ज्ञानवर्धन विषयक प्रशिक्षण देकर टूल किट का वितरण कर कार्य कुशलता में वृद्धि करते हुये प्रत्येक तहसील स्तर पर एक कुशल एवं दक्ष सोलर मैकेनिक तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक तहसील से एक प्रशिक्षणार्थी का ही चयन किया जायेगा। जिसमें प्रशिक्षणार्थी इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रानिक, फिटर ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई अथवा इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा धारक व इंजीनियरिंग में स्नातक अथवा .षि इंजीनियरिंग में स्नातक, प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होगी। जिनका चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। यह प्रशिक्षण 15 कार्य दिवसों का होगा। जिसमें अवकाश दिवस शामिल होगे। प्रशिक्षणार्थीयों को सात घण्टे प्रतिदिन प्रशिक्षित किया जायेगा। इस प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षण में सफल प्रतिभागियो को निःशुल्क टूल किटस उपलब्ध कराये जायेंगे। इस व्यवहारिक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थीयो को प्रशिक्षण अवधि में निःशुल्क रहने एवं खाने की व्यवस्था संस्थान द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। इसलिए डिप्लोमा धारक उप .षि निदेशक कार्यालय में आवेदन आवश्यक अभिलेख प्रमाण पत्रों की मूल प्रति सहित 14 नवंबर तक जमा कर सकते हैं।

# डायट में लगा शिविर, 14 ने किया रक्तदान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में एलएलआर हॉस्पिटल हैलट कानपुर की ब्लड बैंक टीम ने रक्तदान शिविर आयोजित किया।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में डायट प्राचार्य आरती गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी डायट विनय मिश्रा उपस्थित रहें। कुल 14 रक्तदान हुए व 22 लोगों ने अगली बार रेडक्रॉस सोसाइटी के शिविर में रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। विनय मिश्रा व सचिव अजीत सिंह ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदानियों में शतानंद तिवारी, सुशील तिवारी, आदर्श आर्या, नितिन पटेल, सुभाष सिंह, शिवानी मौर्य, अमिता यादव, कविता सिंह परिहार, प्रशांत सिंह, आशीष चौधरी, संतोष बाजपेयी, सिद्धार्थ कुशवाहा, मोहिनी बाजपेयी, आस्था ने मानवता के हितार्थ रक्तदान किया। डॉ अनुराग ने बताया कि यह शिविर हैलट में भर्ती होने वाले फतेहपुर के मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध कराया जाएगा और उन्हें रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। डायट प्राचार्या ने रेडक्रास सोसाइटी के किये जा रहे कार्यो का उत्साहवर्धन किया। डॉ अनुराग ने डायट के सभी विद्यार्थियों व ट्रेनिंग ले रहे शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ ललित कुमार, एलएलआर हॉस्पिटल कानपुर हैलट के ब्लड बैंक से राजेश कुमार, ज्ञान सिंह, योगेंद्र कुमार, शैल, सुमित, सुधा व प्रमुख सहयोगी गोरेलाल उपस्थित रहे।

# अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 10 व 11 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पोर्टल पर ऑनलाइन किये गये ट्रेड हलवाई में अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दस व ग्यारह नवंबर को जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में पूर्वान्ह ग्यारह बजे से किया जाएगा। इसलिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों एवं अन्य संबंधित प्रपत्रों के साथ निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

# मार्ग दुर्घटनाओं में महिला दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान महिला समेत दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्रके रामपुर गांव निवासी मोहन लाला अपनी 49 वर्षीय पत्नी ऊषा को बाइक में बैठा कर रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी थरियांव थाने के मीरपुर के समीप बाइक अचानक गड्ढे में उछलने के कारण महिला चलती बाइक से गिर कर घायल हो गयी। इसी प्रकार खागा कोतवाली क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी राम लखन का 30 वर्षीय पुत्र धीरज बाइक से किसी काम से थरियांव आया था। इसी बीच उसकी बाइक बिगड़ गयी। जिस पर वह ई–रिक्शा में टोचिंग कर घर वापस जा रहा था। तभी अचानक ई–रिक्शा चालक द्वारा तेज चला देने पर बाइक सहित युवक गिर पड़ा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने दोनो घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने धीरज की हालत चिन्ता जनक देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# किसान मजदूर मोर्चा अराजनैतिक ने धरना देकर बुलंद की आवाज

## - पीएम, सीएम को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की मांग



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किसानों, मजदूरों की राष्ट्रीय व क्षेत्रीय मांगों को लेकर किसान मजदूर मोर्चा अराजनैतिक ने नहर कालोनी परिसर में धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। तत्पश्चात डीएम के माध्यम से पीएम व सीएम को ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की मांग की।

किसान मजदूर मोर्चा अराजनैतिक महिला मंच की जिला सचिव प्रियंका पाल की अगुवई में पदाधिकारियों ने धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने किसानों व मजदूरों की मांगे उठाई। तत्पश्चात डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर मांग किया कि किसान मजदूर आयोग का गठन किया जाए, महिलाओं को भी किसान सम्मान निधि की तरह सम्मान निधि की ध नराशि दी जाए, किसानों की आय दोगुना करने के पीएम मोदी अपने वादे को पूरा करें, कीटनाशक दवाओं के रेट आधे किए जाएं, कृषि यत्रों व कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर के भी दाम आध े रेट पर किए जाएं, स्वास्थ्य बीमा की धनराशि पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख की जाए, किसानों व मजदूरों के बेटे व बेटियों का नौकरियों में आरक्षण कोटा निर्धारित किया जाए, वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन की धनराशि बढ़ाकर प्रतिमाह पांच हजार रूपए की जाए, सभी सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था ठीक कराई जाए व दवाएं बाहर से न लिखी जाएं इसके अलावा अन्य मांगे भी शामिल रहीं। इस मौके पर प्रदेश सचिव रचना वर्मा, अनुज पटेल, अनुराधा वर्मा, राजदुलारी, श्रीमती, ननकी, गंगा, उमा, सीमा पाल, अरविन्द कुमार, तेजपाल सक्सेना, चन्द्रशेखर, छत्रपाल, सदाशिव विश्वकर्मा, चन्द्रभवन, राजू विश्वकर्मा भी मौजूद रहीं।

# 970 कुंतल आलू बीज का कृषकों को किया वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्यान अधिकारी डा० रमेश पाठक ने जानकारी दी कि जनपद के आलू उत्पादक .षकों को वित्तीय वर्ष 2025–26 में आवंटित्त कुल 1100 कु० आलू बीज के सापेक्ष 970 कु० प्राप्त आलू बीज का .षकों के मध्य नगद मूल्य पर विक्रय किया गया। विभाग में संचालित पर ड्रॉप मोर कॉप माइकोइरीगेशन योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई सयंत्र का प्रयोग कर जल, उर्वरक एवं रासायनिक दवाओं की बचत के साथ–साथ कम लागत में फसल का अधिक उत्पादन प्राप्त कर आय में वृद्धि किये जाने का सुझाव दिया गया।

# राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सामूहिक गान



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार महात्मा गाँधी सभागार में हुआ।

जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन भी किया। डीएम, सीडीओ समेत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। डीएम ने कार्यक्रम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )